भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 509
उत्तर देने की तारीख 24.07.2023

जी-20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से संस्कृति का संवर्धन

509. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :
प्रो. रीता बहुगुणा जोशी :
श्री कृष्णपालसिंह यादव :
डॉ. सुजय विखे पाटील :
डॉ. हिना विजयकुमार गावीत :
श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने जी-20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में संस्कृति के संवर्धन के लिए कोई नीति तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा स्थापित नीति को आगे बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इस नीति के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इसमें भाग लेने के लिए विदेशों के प्रतिनिधिमंडल को भी आमंत्रित किया गया था; और

(घ) संस्कृति कार्य समूह हेतु भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए आवंटित कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : संस्कृति मंत्रालय भारत की जी20 प्रेजीडेंसी के तहत संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) बैठकों के लिए उत्तरदायी है। सीडब्ल्यूजी द्वारा खजुराहो (मध्य प्रदेश),

भुवनेश्वर (ओडिशा), हम्पी (कर्नाटक) और वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में 4 बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक बैठक में, संस्कृति मंत्रालय द्वारा क्षेत्र विशिष्ट सांस्कृतिक समारोह/कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। राज्यों के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) उपहार भी अतिथि प्रतिनिधियों को दिए जा रहे हैं।

संस्कृति मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र में किसी कार्यक्रम की योजना नहीं बनाई गई है क्योंकि महाराष्ट्र में सीडब्ल्यूजी की किसी बैठक का आयोजन नहीं किया जा रहा है।

(ग): जी20 सदस्य देशों, अतिथि देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से प्रतिनिधियों को इन बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

(घ): जी20 संस्कृति मंत्रियों की बैठक सहित संस्कृति कार्य समूह की बैठकों पर राशि का व्यय इस प्रयोजनार्थ किए गए समग्र बजट आबंटन के अनुसार किया जाएगा।

****